सर्कुलर

प्रति,

समस्त प्राचार्य, जिला नोडल अधिकारी और कार्यक्रम अधिकारी,एनएसएस
सम्बद्ध चौधरी चरणसिंह विवि, मेरठ.

विषय: कोविड-19 महामारी के प्रति जागरूकता और इससे बचाव के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित करने के संदर्भ में.

महोदय,

कोरोना वॉयरस के कारण उत्पन्न संकट के  क्षणों में राष्ट्रीय सेवा योजना के हजारो स्वयंसेवक कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता अभियान संचालित कर रहे हैं. हाथो की उचित सफाई, अच्छी स्वसन आदतें और सुरक्षित-दूरी का पालन करने के सन्देश के साथ, स्वयंसेवक मास्क बना रहे हैं, भोजन करा रहे है, और सोशल मीडिया पर लगातार संदेशों के जरिये जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं.

इसी क्रम में छात्र-छात्राओं को सकारात्मक ऊर्जा और रचनात्मकता के साथ कोरोना के खिलाफ जंग में शामिल करने के अभियान स्वरूप राष्ट्रीय सेवा योजना की चौधरी चरणसिह विश्वविद्यालय,मेरठ इकाई, मेरठ विवि क्षेत्र के नौ जिलों के सभी स्नातक, स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के लिए निम्न दस प्रतियोगिताएं ऑनलाइन आयोजित कर रहा है.

प्रतियोगिताएं

**समूह A:**

1. आलेख प्रतियोगिता:
2. कविता प्रतियोगिता
3. गीत प्रतियोगिता
4. मेरी डायरी का पन्ना

5. कुशलता पत्र

6. मैं एक कोरोना योद्धा हूँ. (ये प्रतियोगिता सिर्फ एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए है)

**समूह B:**

7. पोस्टर प्रतियोगिता- स्वनिर्मित पोस्टर

8. पोस्टर प्रतियोगिता-डिजिटल पोस्टर

9. फोटोग्राफी प्रतियोगिता

10.एक मिनट वीडियो अपील

इस प्रतियोगिता की विस्तृत जमकारी निम्न प्रकार है-

यह प्रतियोगिता तीन चरण में संपन्न होगी-

प्रथम चरण: महाविद्यालय स्तर: 3 मई, 2020 तक:

1. चौधरी चरणसिंह विवि में पंजीकृत सभी विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं और प्रत्येक विद्यार्थी सभी प्रतियोगीताओं के लिए भी आवेदन कर सकता है.

2.सभी प्रतियोगिताएं ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी.

3.इच्छुक छात्र-छात्राऐं अपने-अपने महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रमअधिकारियों कोअपना नाम, कक्षा, मोबाइल न. व इ-मेल आईडी तथा प्रतियोगिता के क्रमांक व नाम सहित भेज दें.

4. जिन महाविद्यालयों में एनएसएस इकाई हैं, कार्यक्रम अधिकारी प्रत्येक यूनिट से प्रति प्रतियोगिता अधिकतम दो प्रविष्टि ही नोडल अधिकारी को प्रेषित करेंगे. परन्तु जहाँ एनएसएस इकाई नहीं है, वहां प्राचार्य अपने महाविद्यालय से प्रति प्रतियोगिता अधिकतम दो प्रविष्टि जिला नोडल अधिकारी को प्रेषित कर प्रतियोगिता में हिस्सेदारी करा सकते हैं.

5. कृपया कोई भी प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि सीधे विवि न भेजे, इस तरह की प्रविष्टि प्रतियोगिता में शामिल नहीं की जाएँगी.

6. प्रतियोगिताओं का विवि स्तर पर किया गया निर्णय सभी प्रतियोगियों को मान्य होगा.

द्वितीय चरण: जिला स्तर:6 मई,2020: सभी एनएसएस जिला नोडल अधिकारी, अपने स्तर पर निर्णायक मंडल बनाकर प्रत्येक वर्ग की सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों को विवि स्तर के लिए अग्रसारित करेंगे.

तृतीय चरण: विवि स्तर: सभी नौ जिलों द्वारा अग्रसारित प्रविष्टियों के आधार पर निर्णायकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ का आंकलन कर 10 मई, को परिणाम घोषित किये जायेंगे.

प्रतियोगिताओं के सन्दर्भ में आवश्यक सूचनाएं:

सभी प्रतियोगिताओं में विजेताओं के चयन का आधार मुख्यतः रचनात्मकता और सही जानकारी होगा.

**समूह A:**

इस समूह की प्रतियोगिताएं में भाग लेने के लिए प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि को साफ़, सुन्दर लेख में लिखकर, उसको स्कैन कर कार्यक्रमअधिकारी को इ-मेल/व्हाट्स एप कर सकते हैं. यदि लेख साफ़ न हो तो कृपया टाइप कर अपनी प्रविष्टि अपने कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी को इ-मेल/व्हाट्स एप करें।

1. आलेख प्रतियोगिता: विषय- कोविड-19 महामारी और बचाव. अधिकतम शब्द सीमा 2500 शब्द.

2. कविता प्रतियोगिता: विषय- कोविड-19 महामारी और युवा

3. गीत प्रतियोगिता: मूलभाव- महामारी के दौर में हमारी उम्मीदें.

4. मेरी डायरी का पन्ना: विषय- कोविड-19 महामारी और मैं. अधिकतम 750 शब्द.

5. कुशलता पत्र: अपने परिवारजनों की कुशल-क्षेम पूछता पत्र. अधिकतम 750 शब्द.

6. मैं एक कोरोना योद्धा हूँ. (ये प्रतियोगिता सिर्फ एन एस एस स्वयंसेवकों के लिए है) पर आपकी अभिव्यक्ति. अधिकतम 750 शब्द.

**समूह B:**

इस समूह की प्रतियोगिताओं के लिए आपको संसाधन स्वयं जुटाने होंगे और

7. पोस्टर प्रतियोगिता- स्वनिर्मित पोस्टर: आप अपना पोस्टर बनाकर उसे स्कैन कर प्रतियोगिता के लिए भेज सकते हैं. कॉपी, पेस्ट से बचें.

8. पोस्टर प्रतियोगिता-डिजिटल पोस्टर- आप डिजिटल पोस्टर बनाने के विभिन्न एप/सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर अपना पोस्टर बना सकते हैं.

9. फोटोग्राफी प्रतियोगिता: कोविड-19 महामारी के दौर में मानवीयता की मिसाल देती फोटो इस प्रतियोगिता में आमंत्रित है. फोटो आप द्वारा खींचा होना चाहिए.

10.एक मिनट वीडियो अपील: आप कोविड-19 से बचाव के जागरूकता अभियान के लिए अधिकतम 1:30 मिनट का वीडियो बनाकर इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं.

पुरुस्कार-सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक पुरुस्कार, मैडल और प्रमाण-पत्रों से पुरुस्कृत किया जाएगा.

यदि आप इस कार्यक्रम के संदर्भ में कोई स्पष्टीकरण चाहते हैं तो अधोहस्ताक्षरी या डॉ प्रकाश चौधरी, संयोजक, ऑनलाइन प्रतियोगिता मोबाइल-9717833550 से संपर्क कर सकते हैं।

आप सभी प्राचार्य, और समस्त कार्यक्रम अधिकारियों से अपेक्षा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के इस कार्यक्रम को अधिकाधिक प्रचारित प्रसारित कर सहयोग करेंगे.

भवदीय,
डॉ वीरेंद्र सिंह
कार्यक्रम समन्वयक, एन एस एस, चौधरी चरणसिंह विवि, मेरठ।

प्रतिलिपि,

1-सचिव,कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2- कुलसचिव, चौधरी चरणसिंह विवि, मेरठ.
3-प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरणसिंह विवि, मेरठ।
4- प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरणसिंह विवि, मेरठ.